जबलपुर | सोमवार | 24 नवंबर 2025 | वर्ष 76 | अंक 290 | पृष्ठ 12 | मूल्य रु. 5.00 navabharat.com twitter.com/Nava_Bharat fb.me/NavaBharat.Social

नव भारत

77 वां वर्ष संस्करण

5 गुरुद्वारा बाबा बुढ़ा दल छावनी में श्री अखंड पाठ

6 नशे के खिलाफ पुलिस की बड़ी कामयाबी

7 कांगड़ा एयरपोर्ट विस्तार को हुडको से बड़ी मदद

8 दक्षिण अफ्रीका की मजबूत बढ़त

एक नजर में

पीएम मोदी कल करेंगे राम मंदिर पर ध्वजारोहण

अयोध्या. रामनगरी अयोध्या एक बार फिर अपने भव्य और ऐतिहासिक उत्सव के लिए पूरी तरह तैयार है। 25 नवंबर, मंगलवार को श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में होने वाले ध्वजारोहण समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शामिल होंगे। पीएम मंदिर के शिखर पर ध्वज फहराएंगे। मंदिर परिसर और पूरे शहर में तैयारियों का माहौल उत्साहपूर्ण है। संत समाज में भी इस ऐतिहासक अवसर को लेकर विशेष उमंग देखी जा रही है। कई संतों का कहना है कि प्रधानमंत्री मोदी द्वारा ध्वज फहराना करोड़ों रामभक्तों के लिए गर्व का पल है। जगत गुरु परमहंस आचार्य जी महाराज ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने अयोध्या को सिर्फ विकसित ही नहीं किया, बल्कि इसे त्रेतायुग जैसा स्वरूप दिया है। वेदों, पुराणों और शास्त्रों में वर्णित अयोध्या जैसी आज वास्तविक अयोध्या दिखाई दे रही है। इकबाल अंसारी ने कहा कि पीएम मोदी के प्रयासों से अयोध्या सुंदर और हर धर्म का शहर बन गया है।

क्रिकेटर स्मृति मंधाना की शादी टली

नई दिल्ली. भारतीय क्रिकेट स्टार स्मृति मंधाना और म्यूजिक कंपोजर पलाश मुछाल रविवार को शादी के बंधन में बंधने वाले थे, लेकिन फिलहाल के लिए यह शादी टल गई है. रविवार को सुबह स्मृति मंधाना के पिता को सुबह हार्टअटैक आया, जिसके बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती करवाया गया. शुरुआत में खबरें आईं थी कि शादी जारी रहेगी, लेकिन अब आयोजकों की तरफ से साफ किया है कि शादी टाल दी गई है. भारतीय क्रिकेटर स्मृति मंधाना के मैनेजर तुहिन मिश्रा ने पुष्टि की है कि उनके पिता की तबीयत ठीक नहीं है और शादी अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दी गई है.

जी20 समिट में घोषणा पत्र मंजूर

अमेरिका के बहिष्कार के बावजूद भारी बहुमत से हुआ पास

जोहान्सबर्ग, 22 नवंबर (वार्ता) दक्षिण अफ्रीका में चल रहे जी2 शिखर सम्मेलन ने अमेरिका के बहिष्कार के बावजूद भारी बहुमत से घोषणापत्र को अपना लिया है, जिसने दुनिया को एक महत्वपूर्ण संदेश दिया है कि बहुपक्षवाद अपना काम कर सकता है और करता है।

यह घोषणा दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति सिरिल रामफोसा ने शिखर सम्मेलन में की। शिखर सम्मेलन के एक्स हैंडल पर पोस्ट किया गया, राष्ट्रपति सिरिल रामफोसा ने घोषणा की है कि दक्षिण अफ्रीका के जी20 नेताओं के शिखर सम्मेलन के घोषणापत्र को ग्रुप ऑफ 20 सदस्य देशों के भारी बहुमत द्वारा अपनाया गया है। घोषणा पत्र को अपनाने से दुनिया को एक महत्वपूर्ण संदेश जाता है कि बहुपक्षवाद अपना काम कर सकता है और करता है।

राष्ट्रपति के प्रवक्ता विन्सेंट माग्वान्य ने बताया कि कार्यक्रम में थोड़ा बदलाव किया गया है, क्योंकि सामान्य तौर पर घोषणापत्र विचार-विमर्श के बाद अपनाया जाता है। लेकिन दिन भर यह भावना थी कि शिखर सम्मेलन के नेताओं को पहले दिन के पहले आदेश के रूप में घोषणापत्र को अपना लेना चाहिए और फिर बाकी दिन की कार्यवाही के साथ आगे बढ़ना चाहिए। प्रवक्ता ने घोषणापत्र को सर्वसम्मति से अपनाए जाने को दक्षिण अफ्रीका के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया। उन्होंने देश के लिए इस मील के पत्थर के महत्व पर जोर दिया। साउथ अफ्रीका में 20वां जी20 समिट रविवार को बिना औपचारिक हैंडओवर के समाप्त हो गया। साउथ अफ्रीकी राष्ट्रपति सिरिल रामाफोसा ने किसी अमेरिकी अधिकारी को गवेल (अध्यक्षता का प्रतीक हथौड़ा) नहीं सौंपा।

> प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जोर देकर कहा है कि वैश्विक संस्थाएं 21वीं सदी की वास्तविकताओं का प्रतिनिधित्व नहीं करती और भारत, ब्राजील तथा दक्षिण अफ्रीका को एक स्वर में दुनिया को संदेश देना चाहिए कि वैश्विक संस्थाओं में सुधार अब वैकल्पिक नहीं बल्कि जरूरी है। पीएम मोदी ने रविवार को यहां जी 20 शिखर सम्मेलन से इतर दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति सिरिल रामफोसा और ब्राजील के राष्ट्रपति लूला दा सिल्वा के साथ भारत-ब्राजील-दक्षिण अफ्रीका (इबसा) की बैठक में हिस्सा लिया। उन्होंने कहा कि आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में भी तीनों देशों को सामंजस्य के साथ एकजुट होकर कदम उठाना चाहिए।

जमात की तरफ से हुई थी 40 लाख की फंडिंग

दिल्ली ब्लास्ट के मामले में नया खुलासा

डॉ. उमर और मुजम्मिल के बीच हुआ था झगड़ा

नई दिल्ली, 23 नवंबर. दिल्ली में 10 नवंबर को हुए दिल्ली ब्लास्ट के मामले में जांच एजेंसियां लगातार आरोपियों और संदिग्धों से पूछताछ कर रही है. पूछताछ के दौरान आए दिन नए-नए खुलासे हो रहे हैं. सूत्रों के मुताबिक ब्लास्ट में शामिल सुसाइड बॉम्बर डॉ. उमर और डॉ. मुजम्मिल के बीच 4 लाख रुपए को लेकर झगड़ा हुआ था. फंडिंग जमात की तरफ से हुई थी. इसी पैसे से सामान खरीदने में हुए खर्च को लेकर उमर और मुजम्मिल की बीच तनाव था।

एनआईए टीम यूनिवर्सिटी के पास की मस्जिद के मौलवी इश्तियाक को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है. इसे ही जमात के जरिए कई लाख रुपए मिले थे, जिसका इस्तेमाल मुजम्मिल ने ब्लास्ट के लिए सामान खरीदने में किया था. इन्हीं पैसों में हेरफेर को लेकर मुजम्मिल और उमर के बीच तनाव था.

शाहरुख खान का कार ब्लास्ट पर रिएक्शन

कार ब्लास्ट के बाद कई सेलिब्रिटीज ने भी इस हमले पर अपना रिएक्शन दिया था। अब शाहरुख खान ने कहा, 26/11 के आतंकवादी हमले, पहलगाम आतंकवादी हमले और हाल ही में हुए दिल्ली धमाकों में अपनी जान गंवाने वाले बेगुनाह लोगों को मेरी विनम्र श्रद्धांजलि और इन हमलों में शहीद हुए हमारे बहादुर सुरक्षाकर्मियों को मेरा सम्मानपूर्वक सलाम।

विंग कमांडर नमांश पंचतत्व में विलीन

- दुबई एयर शो में तेजस क्रैश होने से हुई थी मौत
- परिजनों ने नम आंखों से दी विदाई

कांगड़ा, 23 नवंबर. नमांश स्याल अमर रहें और भारत माता की जय के नारों से हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा जिले का पटियालकड़ गांव गूंज उठा. जब भारतीय वायुसेना के विंग कमांडर नमांश स्याल की पार्थिव शरीर उनके पैतृक गांव पहुंचा. इस दौरान माता-पिता, पत्नी और परिजनों की आंखे नम थी. नमांश स्याल का अंतिम संस्कार का सैन्य सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया. शहीद नमांश स्याल को उनके भाई ने मुखाग्नि दी है.

इस मौके पर हिमाचल सरकार के मंत्री, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष और सैन्य अधिकारी ने भी विंग कमांडर को श्रद्धांजलि दी.

बता दें कि 21 नवंबर को दुबई एयर शो के दौरान तेजस एयरक्राफ्ट क्रैश होने से भारतीय वायुसेना के विंग कमांडर नमांश स्याल शहीद हो गए.

कुमाऊं रेजिमेंट का अग्निवीर जवान शहीद

चम्पावत, 23 नवंबर. उत्तराखंड का अग्निवीर दीपक सिंह जम्मू-कश्मीर के पुंछ में संदिग्ध परिस्थितियों में गोली लगने से शहीद हो गया. 23 साल के दीपक मूल रूप से चंपावत के खरही गांव के रहने वाले थे और 10 दिन पहले ही छुट्टियां खत्म कर ड्यूटी पर लौटे थे. भारतीय सेना की 18 कुमाऊं रेजिमेंट में बतौर अग्निवीर तैनात दीपक एलओसी पर ड्यूटी दे रहा था. रेजिमेंट के अन्य जवानों के मुताबिक दोपहर के समय उन्हें गोली चलने की आवाज आई और जब उन्होंने दीपक को देखा तो वो खून से लथपथ हालत में जमीन पर पड़ा था. उन्हें तुरंत बटालियन के चिकित्सा शिविर में ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया.

सीएम ने स्वीकृत की बंडा लांच नदी परियोजना

50 करोड़ के 16 निर्माण कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन

25 गायों के साथ गौशाला खोलने पर 10 लाख का अनुदान

सागर, 23 नवंबर। जिले के तहसील मुख्यालय बंडा में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सांदीपनि विद्यालय भवन का लोकार्पण किया. यहां मुख्यमंत्री ने कहा है कि तहसील मुख्यालय बंडा में रविवार को 31 करोड़ रुपए की लागत से नव निर्मित सर्वसुविधा युक्त सांदीपनि विद्यालय भवन का लोकार्पण किया गया है। प्रदेश में 1 दिसंबर से प्रदेशव्यापी गीता जयंती उत्सव मनाया जाएगा।

प्रदेश सरकार द्वारा सभी नगरीय निकायों में गीता भवन बनाए जा रहे हैं। सभी जिलों के प्रत्येक जनपद पंचायत में वृंदावन ग्राम एवं गीता भवन बनाए जाएंगे। लोकार्पण समारोह में मुख्यमंत्री ने 50.65 करोड़ रुपए के 16 निर्माण कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया। समारोह में मुख्यमंत्री ने सागर जिले की बहुप्रतीक्षित लांच नदी परियोजना की स्वीकृति की घोषणा की.

वहीं मुख्यमंत्री ने शाहगढ़ में सिविल अस्पताल बनाने, बंडा में सर्व सुविधा युक्त स्टेडियम, सिविल अस्पताल बंडा में पोस्टमार्टम हाउस बनाने, बंडा क्षेत्र में राखसी, चकेरी, विनेयका में भवन विहीन स्कूलों के लिए भवन बनाने की घोषणा की। समारोह को प्रदेश के खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता सरंक्षण मंत्री गोविन्द सिंह राजपूत ने संबोधित किया.

शहीद के पिता को किया सम्मानित

समारोह में मुख्यमंत्री द्वारा सागर जिले की बंडा तहसील के ग्राम क्वायला के शहीद राजेश यादव के पिता को सम्मानित किया गया। मुख्यमंत्री ने बंडा क्षेत्र के ग्राम पंचायत लिधौरा की मूल निवासी क्रिकेटर क्रांतिगौड़ के पिता को भी सम्मानित किया गया।

बुंदेलखंड के हर खेत को मिलेगा पानी : सीएम

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री कहा है कि केन-बेतवा लिंक परियोजना से बुंदेलखंड के हर खेत को पानी मिलेगा। इससे क्षेत्र में समृद्धि आएगी। उन्होंने किसानों से अपील करते हुए कहा है कि वह अपने खेतों को किसी भी स्थिति में बेचने का प्रयास नही करें। मध्यप्रदेश में पशुपालन के माध्यम से दुग्ध उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए गौशाला खोलने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। प्रदेश में दुग्ध उत्पादन बढ़ाने के लिए 25 गायों के साथ गौशाला खोलने पर 40 लाख रुपए में से 10 लाख तक का अनुदान देने का कार्य मध्यप्रदेश सरकार द्वारा किया जा रहा है।

बस की टक्कर से बाइक सवार चार युवकों की मौत

रहली थाना क्षेत्र की घटना

सागर, 23 नवंबर. जिले के रहली थाना क्षेत्र अंतर्गत रविवार को बस की टक्कर से बाइक सवार चार युवकों की मौत हो गई. पुलिस ने बस चालक के विरुद्ध प्रकरण दर्ज कर विवेचना में ले लिया है. अनंतपुरा सिमरिया से हर्राखेड़ा जा रहे बाइक सवार शिवम पाल 18 वर्ष और सत्यम पाल 17 वर्ष, प्राशु पाल 14 वर्ष और उमेश पाल 16 वर्ष को तेज रफ्तार बस ने टक्कर मार दी. हादसे में चारों युवकों की मौत हो गई. मौके पर पहुंची पुलिस ने पंचनामा बनाकर शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया. विधायक बृज बिहारी पटैरिया ने रहली अस्पताल पहुंचकर मृतकों के परिवारजनों को ढांढस बंधाया.

एसआईआर : 12 राज्यों, केंद्र शासित प्रदेशों में 99 प्रतिशत गणना प्रपत्र वितरित

नयी दिल्ली, 23 नवंबर. चुनाव आयोग ने रविवार को स्पेशल विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के दूसरे चरण में उल्लेखनीय प्रगति की घोषणा की है। आयोग ने बताया कि 12 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में 99 प्रतिशत से अधिक मतदाताओं को गणना प्रपत्र वितरित किए जा चुके हैं। आयोग के दैनिक सूचना से पता चला है कि 50.47 करोड़ से अधिक गणना प्रपत्र वितरित किए गए हैं और लगभग 40 प्रतिशत, यानी 20 करोड़ से अधिक प्रपत्र, पहले ही डिजिटाइज किए जा चुके हैं।